आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 345 | उज्जैन, बुधवार 05 नवम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# तकनीकी नवाचार और निवेश का होगा ऐतिहासिक संगम-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## इंदौर में 13 नवंबर को होगी टेकग्रोथ कॉन्क्लेव


भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 13 नवंबर को आयोजित होने वाला मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0% प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनायेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किये जा रहे इस आयोजन से राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय की जायेगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि मध्यप्रदेश टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके। कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का टेक्नोलॉजी-फर्स्ट



इकोनॉमी विजन भी प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें दर्शाया जाएगा की मध्यप्रदेश नवाचार, कौशल और उद्यमिता के समन्वय से समावेशी आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव के प्रतिभागी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे। कॉन्क्लेव की थीम पॉवरिंग टियर-2, प्रोपेलिंग इंडिया रखी गई है। कॉन्क्लेव 2.0 का उद्देश्य राज्य के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग के माध्यम से नई गति लाना है। कॉन्क्लेव की थीम इस तथ्य को रेखांकित करेगी कि भारत की विकास यात्रा में अब टियर-2 शहर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। मध्यप्रदेश इस परिवर्तन का केंद्र बन रहा है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहर तेजी से टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और उद्यमिता के नए हब के रूप में उभर रहे हैं।' टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0% नीति-निर्माताओं, वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रमुख नेतृत्वकर्ता उद्यमियों का संगम होगा। कॉन्क्लेव में इस बार 500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।कॉन्क्लेव का शुभारंभ एमपी जीसीसी लीडरशिप कनेक्ट सत्र से होगा।

## बेंगलुरु में नया खतरा..., यात्री ने कैब ड्राइवरों के बारे में बताई ऐसी बात; लोग बोले- यह काफी अनसेफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु के एक यात्री ने कैब ड्राइवरों के व्यवहार पर पोस्ट शेयर किया है। यात्री का कहना है कि कैब ड्राइवर गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल रील देखने के लिए करते हैं, जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों और गाड़ी में बैठे यात्री की सुरक्षा दांव पर लग जाती है।

यात्री ने लगातार ऐसे बढ़ रहे मामलों पर नाराजगी जताते है। उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर इस पोस्ट को शेयर किया। यात्री ने इसका शीर्षक लिखा था- बेंगलुरु में नया खतरा। उसने लिखा, हाल ही में मेरे ऐसे अनुभव रहे हैं, जब उबर-ओला या ऑटो ड्राइवर गाड़ी चलाते समय रील और यूट्यूब देखते हैं।

वायरल हो गया पोस्ट- यात्री ने कहा कि जब ड्राइवरों से इस बारे में पूछा जाता है, तो वह मैप के लिए मोबाइल का इस्तेमाल करने का दावा कर इस सवाल को टाल देते हैं। यात्री ने इसे बहुत अनसेफ बताया है। कुछ ही समय में ये पोस्ट वायरल हो गया। कई लोगों ने ऐसे ड्राइवरों के खिलाफ सख्त नियम बनाने की मांग की है।

एक अन्य यूजर ने लिखा, एक बार मैं ऑटो से सफर कर रहा था। ड्राइवर लापरवाही से गाड़ी चला रहा था और पूरे सफर के दौरान फोन पर अपनी पत्नी से नॉन वेज कीमा नहीं बनाने के लिए झगड़ रहा था।

## मणिपुर में उग्रवादियों ने की आर्मी जवानों पर फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में चार को मार गिराया



नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर के चुराचांदपुर में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित समूह के 4 उग्रवादियों को मार गिराया है। चारों आतंकी आज सुबह हुए पुलिस एनकाउंटर में मारे गए हैं। इनका संबंध मणिपुर के प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड कूकी नेशनल आर्मी से मिला है।

सुरक्षाबलों को खानपी गांव के पास उग्रवादियों के होने की सूचना मिली थी। ऐसे में सुबह 5:30 बजे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 3 उग्रवादी ढेर कर दिए गए।

मणिपुर में शांति स्थापित करने की कोशिशों के तहत कई कूकी और जोमी उग्रवादी समूहों ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इस लिस्ट में KNA का नाम शामिल नहीं था।

सर्च ऑपरेशन जारी- ऑपरेशन की जानकारी देते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच फायरिंग शुरू हो गई थी। इस दौरान गोली लगने से कई उग्रवादी घायल हो गए और 4 की मौके पर मौत हो गई। हालांकि, गोलीबारी के बीच में कई उग्रवादी बचकर निकलने में कामयाब हो गए।

## दुश्मन देशों का छुटेगा पसीना... थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खड़गा कोर में की युद्ध तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार को थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने हरियाणा के अंबाला स्थित खड़गा कोर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने युद्ध तैयारियों का जायजा लिया, साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ड्रोंस के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की।





इसके अलावा, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों तक पहुंच, ऑपरेशन राहत के तहत मानवीय योगदान और स्थायी सुरक्षा के लिए नागरिक-सैन्य तालमेल को बढ़ावा देने के लगातार प्रयासों पर भी चर्चा की।

यहां उन्हें युद्ध की तैयारी को आगे बढ़ाने, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को इंटीग्रेट करने और इंटर-एजेंसी तालमेल को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई पहलों के बारे में जानकारी दी गई।

थलसेना प्रमुख ने खड़गा कोर का दौरा किया- उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शानदार प्रदर्शन के साथ-साथ ड्रोन डिजाइन और ट्रेनिंग में किए गए इनोवेशन, लॉजिस्टिक्स और एडमिनिस्ट्रेशन में एडवांस्ड टेक्नोलॉजिकल सॉल्यूशन के इंटीग्रेशन की भी तारीफ

युद्ध तैयारियों की समीक्षा की गई- इस दौरान सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सभी रैंकों के साथ बातचीत के दौरान, सेना प्रमुख ने उनके समर्पण और राष्ट्र की सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। बता दें खड़गा कोर सेना की पश्चिमी कमान के तहत आता है।

इससे पहले नवंबर 2024 में कोर ने दो दिवसीय इंटीग्रेटेड फील्ड फायरिंग अभ्यास खड़गा शक्ति आयोजित किया था।

## चलती ट्रेन में आर्मी जवान की हत्या, बहस के बाद कोच अटेंडेंट ने चाकू से गोदा



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के बीकानेर स्टेशन के पास चलती ट्रेन में कोच अटेंडेंट के बीच हुई झड़प के बाद रविवार देर रात एक सैन्यकर्मी की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब सैनिक साबरमती एक्सप्रेस से अपने घर जा रहा था।

पीड़ित की पहचान गुजरात के रहने वाले जिगर कुमार के रूप में हुई है। वह फिरोजाबाद से साबरमती एक्सप्रेस में सवार होकर साबरमती जा रहा था। यात्रा के दौरान, सैनिक और कोच अटेंडेंट के बीच विवाद हो गया। इसके बाद, एक अटेंडेंट ने कुमार पर चाकू से हमला कर दिया

हिरासत में कोच अटेंडेंट- हमले में कथित रूप से शामिल तीन कोच अटेंडेंट को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद सेना के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए देर रात पीबीएम अस्पताल पहुंचे।

चलती ट्रेन में होगी एफएसएल जांच- साबरमती एक्सप्रेस के जिस एसी कोच में सिपाही को चाकू मारा गया था, उसे सील कर दिया गया है। यात्रियों को दूसरे डिब्बे में ट्रांसफर कर दिया गया है। इस डिब्बे में आरपीएफ के जवान यात्रा कर रहे हैं। ट्रेन के जोधपुर पहुंचते ही एफएसएल टीम भी ट्रेन में मौजूद रहेगी। चूंकि ट्रेन को रोका नहीं जा सकता था, इसलिए चलती ट्रेन में जांच की जाएगी।

## कोयंबटूर एयरपोर्ट के पास गैंगरेप केस में पुलिस को सफलता, तीनों आरोपी गिरफ्तार




नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक हवाई अड्डे के पास रविवार को एक महिला कॉलेज छात्रा का कथित तौर पर अपहरण और गैंगरेप करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थवासी, कार्तिक और कालीस्वरन को मंगलवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पैरों में गोली लगी है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। कोयंबटूर सिटी के पुलिस आयुक्त सरवण सुंदर ने कहा, कोयंबटूर शहर के बाहरी इलाके वेल्लाकिनारु में पुलिस को आरोपियों के पैर में गोली मारनी पड़ी...।

# पीएम मोदी ने की एक्सपोर्टर्स के साथ बैठक, वैश्विक व्यापार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर हुई चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार शाम विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में वैश्विक व्यापार में भारत की प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। उद्योग के जुड़े सूत्रों के अनुसार, बैठक में वस्त्र, चमड़ा, रत्न व आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग और समुद्री खाद्य पदार्थ जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि श्रम बहुलता क्षेत्रों को अमेरिकी की ओर से लगाए गए 50 प्रतिशत के उच्च टैरिफ के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। टैरिफ वस्तुओं और सेवाओं की प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत और अमेरिका एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा लगभग दो प्रतिशत- वर्तमान में वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा लगभग दो प्रतिशत है। सितंबर में भारत का निर्यात 6.74 प्रतिशत बढ़कर 36.38 अरब डालर रहा है। इस वर्ष अप्रैल से सितंबर के बीच निर्यात 3.02 प्रतिशत बढ़कर 220.12 अरब डालर तक पहुंच गया है।

बैठक में रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने कहा कि प्रमुख व्यापार केंद्रों के साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बने रहने और निर्यात में तेजी लाने के लिए भारत को एक कुशल और व्यापार-अनुकूल कारोबारी माहौल स्थापित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र ने उल्लेखनीय वृद्धि और व्यापार सुगमता हासिल की है। हमें भरोसा है कि 2047 तक 100 अरब डालर के निर्यात को पार कर जाएंगे और 500 अरब डालर का घरेलू बाजार बनाएंगे। इससे भारत रत्न एवं आभूषणों का वैश्विक केंद्र बन जाएगा।

# क्या टैरिफ नीति पर ट्रंप को लगेगा झटका? भारतीय मूल के वकील नील कत्याल ने SC में दी राष्ट्रपति को चुनौती



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई देशों पर टैरिफ थोपा है। जहां ट्रंप अपने इस फैसले को अमेरिका के हक में बता रहे हैं, तो दूसरी ओर अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर 5 नवंबर से सुनवाई होनी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस केस को इतिहास में सबसे खास करार दिया है।

दरअसल, इस मामले में भारतीय-अमेरिकी वकील नील कत्याल बुधवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ पेश होंगे। माना जा रहा है कि इसी सुनवाई में तय होगा कि राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने की शक्ति कितनी है और अमेरिका की व्यापार नीति का नियंत्रण किसके पास भविष्य में रहेगा।

मामले में क्या दी गई चुनौती- बता दें कि इस टैरिफ के मामले में चुनौती दी गई है कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत अधिकारों का दुरुपयोग किया है, जो अमेरिका के राष्ट्रपति को विदेशी संकटों के दौरान कार्रवाई करने का शक्ति प्रदान करता है।

हाल में ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर एक पोस्ट में कहा कि अगर हम हार गए, तो हमारा देश लगभग तीसरी दुनिया के दर्जे का हो जाएगा। ईश्वर से ये प्रार्थना है कि ऐसा न हो।

जानिए कौन हैं नील कत्याल- नील कत्याल मूल तौर पर एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी वकील और अमेरिका के पूर्व कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल रहे हैं। काल्याल वाशिंगटन मिलबैंक एलएलपी में भागीदार हैं।

मिवबैंक वेबसाइट के पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, उनका व्यवसाय पेटेंट, प्रतिभूति, आपारधिक, रोजगार और संवैधानिक कानू में अपीलीय और जटिल मुकदमेबाजी पर केंद्रित है।

कत्याल ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में 52 मामलों की पैरवी की है और उनका 53वां और 54वां मुकदमा अगले साल जनवरी में निर्धारित है। मिलबैंक में शामिल होने से पहले कत्याल ओबामा प्रशासन के तहत कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल के रूप में कार्यरत थे।

जानकारी के अनुसार, नील कत्याल जॉर्ज विश्वविद्यालय लॉ सेंटर में करीब 20 साल तक पढ़ाया है और कम उम्रम में ही अध्यक्षीय प्रोफेसर का पद प्राप्त कर लिया था। वे हार्वर्ड और येल लॉ स्कूलों में विजिटिंग प्रोफेसर भी रहे हैं। साल 2011 में नील को न्याय विभाग का सर्वोच्च नागरिक सम्मान एडमंड रैंडोल्फ पुरस्कार भी मिला है।

# पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट में जोरदार धमाका, सिलेंडर फटने से हिल गई पूरी इमारत; 12 लोग घायल

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार को पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के बेसमेंट में एक बड़ा धमाका हुआ, जिसमें 12 लोगों के घायल होने की खबर है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा दिया किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के बेसमेंट के कैफेटेरिया में एक गैस सिलेंडर फटा, जिसके कारण पूरी इमारत हिल गई।




इस विस्फोट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि इस विस्फोट के कारण सुप्रीम कोर्ट की इमारत को मामूली नुकसान हुआ है।

धमाके से हिल गई पूरी इमारत- बताया जा रहा है कि धमाका इतना जोरदार था कि पूरा कोर्ट परिसर इसकी आवाज से गूंज उठा, जिससे इमारत के भीतर दहशत फैल गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में बताया गया कि विस्फोट के बाद वकीलों और अदालत के कर्मचारियों को इमारत के बाहर खुले इलाकों में ले जाया गया।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बात करते हुए इस्लामाबाद के महानिरीक्षक अली नासिर रिजवी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की कैंटीन में सुबह 10ः55 बजे गैस विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि 12 लोग घायल हुए हैं और उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

कई लोग बुरी तरीके से जख्मी- अधिकारी का कहना है कि ये विस्फोट ऐसे समय पर हुआ, जब एक व्यक्ति एक एसी प्लांट के पास रखरखाव का काम कर रहे थे। अधिकारी का कहना है कि इस धमाके के कारण एसी तकनीशियनों को सबसे ज्यादा चोटें आई हैं।

## समुद्र किनारे मिली वीडियो लीक करने वाली इजरायली सेना की टॉप वकील



नई दिल्ली (एजेंसी)। कभी इजरायली सेना की टॉप वकील रहीं मेजर जनरल यिफात तोमर-येरुशाल्मी आज सलाखों के पीछे हैं। उनपर एक ऐसे घोटाले का आरोप है, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। मामला इतना बढ़ा कि यिफात को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ गया।

यिफात पर आरोप है कि पिछले साल उन्होंने इजरायली सेना से जुड़ा एक संवेदनशील वीडियो लीक करने की अनुमति दी थी। वीडियो सामने आने के बाद इजरायली सेना पर फिलिस्तीनी कैदियों के साथ यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा था। वहीं, मामला सामने आने के बाद यिफात ने अपने पद से इस्तीफा दिया और गायब हो गईं।

परिवार के लिए छोड़ा सीक्रेट नोट- यिफात की कार समुद्र के किनारे खड़ी मिली, जिससे सभी को लगे की उन्होंने आत्महत्या कर ली है, लेकिन वो जिंदा थीं। यिफात ने बीच पर अपनी कार छोड़ने से पहले परिवार के लिए सीक्रेट नोट भी लिखा था। वो बीच पर छिपी हुई थीं। मगर, सख्त जांच और मिलिट्री ड्रोन की मदद से उन्हें ढूंढ निकाला गया। रविवार की रात को यिफात समुद्र के किनारे मिलीं, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## अगर वो Mayor बने तो..., न्यूयॉर्क मेयर इलेक्शन के बीच ट्रंप ने जोहरान ममदानी को लेकर दी धमकी





नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए पूर्व न्यूयॉर्क गवर्नर एंड्रयू कुओमो के निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन किया है। उन्होंने वोटर्स से वामपंथी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जोहरान ममदानी को न चुनने का आग्रह किया है।

ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर भारतीय मूल के ममदानी मंगलवार को होने वाले मेयर चुनाव में जीत जाते हैं, तो यह आर्थिक और सामाजिक आपदा होगी।

मैं पैसे नहीं भेज पाऊंगा- ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर न्यूयॉर्क के लोग ममदानी को वोट देते हैं, तो वह न्यूयॉर्क शहर के लिए फेडरल फंड सीमित कर देंगे।

उन्होंने लिखा, अगर कम्युनिस्ट उम्मीदवार जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर के मेयर का चुनाव जीत जाते हैं, तो यह बहुत कम संभावना है कि मैं अपने प्यारे फर्स्ट होम के लिए आवश्यक न्यूनतम राशि के अलावा, यूनियन फंड का योगदान दे पाऊंगा। ट्रंप ने आगे लिखा, एक कम्युनिस्ट के सत्ता में आने से स्थिति और भी बदतर हो सकती है, और मैं राष्ट्रपति के तौर पर लगातार पैसे को बर्बाद नहीं करना चाहता।

# क्या कभी पानी और तेल को आपस में मिलते देखा है? अंतरिक्ष में इस जगह पर साइंस भी फेल



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेल और पानी कभी नहीं मिलता, यह लाइन हम न सिर्फ बचपन से सुनते आए हैं, बल्कि आंखों से भी देखा है। पानी में तेल की बूंदें अलग से तैरती हैं। मगर, टाइटन ने सदियों पुरानी इस मान्यता को गलत साबित कर दिया है। टाइटन से अत्यधिक ठंडे वातावरण में पानी और तेल भी आपस में एक हो गया है।

टाइटन को शनि ग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह कहा जाता है। इसपर हाल ही में एक स्टडी हुई, जिसने केमिस्ट्री के कई नियमों को परिभाषित कर दिया। अमेरिकी स्पेस एजेंसी ह्रू ने स्वीडन के चाल्मर्स प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ मिलकर एक अद्भुत शोध किया है।

शोध ने चौंकाया- साइंस डेली की रिपोर्ट के अनुसार, यह एक ऐसा शोध है, जिसकी मदद से कई चीजों को आसानी से समझा जा सकता है। टाइटन का आकार बुध ग्रह के बराबर है। इस स्टडी के अनुसार, जो चीजें धरती पर मिक्स नहीं होती हैं, वो टाइटन में जाकर आपस में घुल मिल जाती हैं।

चाल्मर्स के रसायन विज्ञान और रासायनिक इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर मार्टिन रहम के अनुसार, इस स्टडी की मदद से हमें टाइटन की जियोलॉजी समझने में आसानी होगी। वहां की झीलें और समुद्र भी अलग होंगे।

टाइटन सबसे ठंडे उपग्रहों में शामिल- बता दें कि टाइटन का नाम सबसे ठंडे उपग्रहों की फेहरिस्त में शुमार है। टाइटन का औसत तापमान माइनस 183 डिग्री सेल्सियस रहता है।

# कनाडा का नया वीजा प्लान क्या है, जिसने भारतीयों को बनाया निशाना? एक बार में रद हो जाएंगे आवेदन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा अपने वीजा के नियमों में बदलाव करने जा रहा है। इसका सीधा असर भारतीयों पर होने की संभावना है। कनाडा की संसद में पेश हुआ ये विधेयक भारतीयों की चिंता बढ़ा रहा है।




दरअसल, कनाडा की संसद में पेश हुए इस बिल में प्रस्ताव है कि कनाडा की अथॉरिटी को पावर दी जाए कि वे कभी भी किसी अस्थायी वीजा वाले भारतीय प्रवासी को बाहर निकालने का आदेश दे सके। इसके अलावा अथॉरिटी के पास ये अधिकार दिया जाए कि वह किसी अस्थायी वीजा को जारी ही ना होने दे।

सीबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, आंतरिक कनाडाई अधिकारियों ने भारत और बांग्लादेश से आने वाले फर्जी आगंतुक वीजा आवेदनों की पहचान करने और उन्हें रद करने के लिए अमेरिकी संस्थाओं के साथ साझेदारी की है।

कई मायनों में अहम है ये विधेयक- ध्यान देने वाली बात है कि ये रिपोर्ट ओटावा की ओर से अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर लगाए गए प्रतिबंधों के बीच आई है। अगर यह बिल संसद से पारित होता है, तो इसका बुरा असर भारतीयों पर देखने को मिलेगा। कनाडा का ये विधेयक अहम है, क्योंकि इसे ऐसे समय पर लाया गया है जब भारतीय छात्रों की ओर से दिए गए 74 प्रतिशत वीजा आवेदनों को कनाडा की ओर से रद कर दिया गया है।

# दोस्त की हत्या के जुर्म में 43 साल काटी सजा, बाहर निकलने पर इमीग्रेशन विभाग ने फिर भेजा जेल; अब आया ट्विस्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका की एक अदालत ने 4 चार दशकों बाद भारतीय मूल के सुब्रमण्यम वेदम को हत्या के दोषसिद्धि के बाद उन्हें बरी कर दिया था। अदालत ने उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश भी दिया था, हालांकि सुब्रमण्यम 3 अक्टूबर को जेल से रिहा भी हो गए थे। मगर इसके बाद अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने हिरासत में ले लिया था।



इसके बाद अब दो अमेरिकी अदालतों ने आव्रजन अधिकारियों को सुब्रमण्यम वेदम को निर्वासित न करने का आदेश दिया है। वेदम नौ महीने के थे जब वे अपने माता-पिता के साथ भारत से कानूनी तौर पर अमेरिका आए थे। वे स्टेट कॉलेज में पले-बढ़े, जहां उनके पिता पेन स्टेट में पढ़ाते थे।

एक आव्रजन न्यायाधीश ने गुरुवार को उनके निर्वासन पर तब तक के लिए रोक लगा दी जब तक कि आव्रजन अपील ब्यूरो यह तय नहीं कर लेता कि उनके मामले की समीक्षा की जाए या नहीं। इसमें कई महीने लग सकते हैं। वेदम के वकीलों ने भी उसी दिन पेंसिल्वेनिया स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय में स्टे ऑर्डर ले लिया, लेकिन उन्होंने कहा कि आव्रजन अदालत के फैसले को देखते हुए मामला स्थगित हो सकता है।

किस आरोप में 4 दशक काट ली जेल की सजा- 1980 में पेंसिल्वेनिया में 19 साल के थॉमस किन्सर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनका शव स्टेट कॉलेज के पास एक सिंकहोल में मिला था।

# ड्राइवर की आंखें होंगी चेक, नियम तोड़ने पर लाइसेंस होगा सस्पेंड- सीएम



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान में एक के बाद एक लगातार भीषण सड़क हादसे हो रहे हैं। 29 मौतों के बाद अब राजस्थान सरकार एक्शन में आ गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सड़क सुरक्षा के लिए 15 दिनों की रोड सेफ्टी ड्राइव लॉन्च की है, जो आज से शुरू हो गई है।


सड़क हादसे कम करने के उद्देश्य से शुरू हुई इस पहल में ट्रैफिक नियमों के पालन से लेकर उन्हें सख्ती के साथ लागू करने पर ध्यान दिया जाएगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने बीती रात अपने आवास पर हाई लेवल बैठक बुलाई थी, जिसमें अधिकारियों को सड़क हादसों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के आदेश दिए गए हैं।

बैठक की जानकारी देते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा, ट्रांसपोर्ट, पुलिस और पीडब्लूडी समेत जो भी अधिकारी सड़क सुरक्षा के नियमों को लागू करने में लापरवाही करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएम शर्मा ने सभी अधिकारियों को हाईवे पर मौजूद ब्लैक स्पॉट (जहां सबसे ज्यादा हादसे होते हैं) को चिह्नित करने, हाईवे के आसपास से अतिक्रमण हटाने और ड्राइवर की आंखें चेक करने जैसे कई दिशानिर्देश दिए हैं। खासकर जयपुर-दिल्ली, जयपुर-कोटा, जयपुर-अजमेर और जयपुर-भरतपुर कॉरिडोर पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं। सीएम ने इन जगहों पर ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने का आदेश दिया है।

सीएम भजनलाल शर्मा का कहना है-- विभागों को सिर्फ कानून लागू नहीं करना है, बल्कि लोगों में इसे लेकर जागरुकता भी फैलानी होगी। ट्रैफिक नियमों का अनुशासन नागरिक आदत होनी चाहिए।

## गिट्टी में घंटों दबे रहे लोग, चीख-पुकार सुन कांप गई रूह; लोगों ने सुनाया तेलंगाना हादसे का आंखों देखा हाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में बीते दिन एक भीषण सड़क हादसा देखने को मिला। गिट्टी से लदा एक डंपर मौत बनकर सामने से आया और यात्रियों से भरी बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि 20 लोगों की मौत हो गई और कई लोग बुरी तरह से घायल हैं।

बस से टकराने के बाद डंपर मौके पर ही पलट गया और उसमें भरी गिट्टी यात्रियों पर गिर गई। ऐसे में लोग चाहकर भी वहां से नहीं भाग पाए और पूरा इलाका चीख-पुकार से दहल उठा।

ड्यूटी पर जा रहा हेड कांस्टेबल अस्पताल में भर्ती- हादसे के बाद भी लोग घंटों गिट्टी में दबे मदद मांगते रहे। बस में सवार एक 55 वर्षीय हेड कांस्टेबल आर वेंकटैया के अनुसार, एक पल के लिए ऐसा लगा जैसे पूरी दुनिया ही उजड़ गई। हम वहां से हिल नहीं सकते थे और न ही ठीक से सांस ले पा रहे थे। वेंकटैया अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे, लेकिन अब वो अस्पताल में भर्ती हैं।

डंपर उल्टी दिशा में चल रहा था और उसने सामने से बस को टक्कर मारी थी। ऐसे में बस ड्राइवर के पीछे बैठे लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को काटकर शवों को बाहर निकाला।

## ड्रग ओवरडोज से हर हफ्ते 12 लोगों की मौत, NCRB की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा



नई दिल्ली (एजेंसी)। ड्रग ओवरडोज के कारण देश में हर दिन कुछ लोगों की जान जा रही है। NCRB ने इसे लेकर ताजा आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें 2019-2023 के बीच ड्रग ओवरडोज से हुई मौतों का जिक्र है। इस रिपोर्ट के अनुसार ड्रग ओवरडोज से हर हफ्ते 12 लोगों की मौत होती है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 2023 में ड्रग ओवरडोज के कारण हर हफ्ते 12 लोगों की जान गई है। 2019 से 2023 के बीच हर दिन 2 लोगों की मौत की वजह ड्रग ओवरडोज रही है।

हालांकि, इस रिपोर्ट में सिर्फ ड्रग ओवडोज से हुई कन्फर्म मौतों का ही आंकड़ा है। ड्रग ओवरडोज से जुड़े कई केस दर्ज ही नहीं किए जाते हैं, जिनके आंकड़े हृह्नक्रक्चकी रिपोर्ट में नहीं शामिल है।

2019 में टॉप पर था तमिलनाडु- ड्रग ओवरडोज के शुरुआती आंकड़ों में तमिलनाडु टॉप पर था, मगर अब राज्य में इसके मामले कम होने लगे हैं। 2019 में तमिलनाडु में ड्रग ओवरडोज के कारण 108 लोगों की जान गई थी। हालांकि, 2023 में यह आंकड़ा कम होकर 65 पर आ गया। हालांकि, 2019 में पंजाब का नाम टॉप 5 राज्यों में शामिल नहीं था। मगर, 2022 में पंजाब में ड्रग ओवरडोज से 144 लोगों की मौत हो गई। 2023 में यह आंकड़ा कम होकर 89 दर्ज किया गया है।

## मलयालम साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए मलयाला रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस




नई दिल्ली (एजेंसी)। बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस को मलयालम साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित मलयाला रत्न पुरस्कार से सोमवार को सम्मानित किया गया। राजभवन के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

बोस की पुस्तक मिथ एंड साइंस - ओरु पुनर्वयन को केरल के कोच्चि के एर्नाकुलथप्पन ग्राउंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पुस्तक चुना गया।


14 पुस्तकों का राज्यपाल पटेल द्वारा विमोचन- महोत्सव के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री केवी थॉमस ने की। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राज्यपाल बोस द्वारा लिखित 14 पुस्तकों का विमोचन किया और उन्हें कोच्चि के महापौर एम. अनिल कुमार को सौंपा।

विशेष रूप से, राज्यपाल बोस की एक पुस्तक को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पुस्तक चुना गया है। उपन्यासों और बेस्टसेलर सहित 160 से अधिक पुस्तकों के विपुल लेखन करियर के साथ राज्यपाल बोस अपनी साहित्यिक प्रतिभा से पाठकों को प्रेरित करते रहते हैं।

मिथ एंड साइंस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पुस्तक- इस मौके पर कोच्चि के महापौर ने कहा कि मलयाला रत्न पुरस्कार मलयालम साहित्य के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है और हम इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देते हैं।

वहीं, डा बोस ने कहा कि मैं यह पुरस्कार केरल और दुनिया भर के पाठक वर्ग को समर्पित करता हूं जिन्होंने हमेशा मुझे प्रोत्साहित किया है। बताते चलें कि केरल राज्यपाल बोस का गृह राज्य है।

## नशे में थे तीनों आरोपी... पीड़िता के दोस्त पर दरांती से किया हमला, कोयंबटूर गैंगरेप केस पुलिस के बड़े खुलासे




नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के कोयंबटूर एयरपोर्ट के पास रविवार को एक कॉलेज छात्रा के साथ तीन लोगों ने कथित गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

इस मामले में पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि महिला कॉलेज की छात्रा का कथित तौर पर अपहरण और बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी नशे में थे।

आरोपियों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर छात्रा को निकाला बाहर- दरअसल, पीड़िता अपने पुरुष मित्र के साथ कार में सवार जा रहा थी। इसी दौरान थवासी, कार्तिक और कालीस्वरण नाम के आरोपियों ने कथित तौर पर उसका अपहरण कर लिया गया और उसको जबरदस्ती दूसरी जगह पर ले जाया गया और उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने पत्थर से कार का शीशा तोड़ दिया और पीड़िता के दोस्त पर दरांती से हमला किया।

पुलिस का कहना है कि तीन आरोपियों में से दो भाई हैं और एक आरोपी दूर का रिश्तेदार है। अधिकारियों ने मामले की जांच के दौरान बताया कि संदिग्ध हत्या और चोरी के मामलों में शामिल थे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आरोपी किसी भी राजनीतिक दल से संबंध नहीं रखते हैं।

आरोपियों की पुलिस के साथ मुठभेड़- बता दें कि मंगलवार सुबह पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पैरों में गोली लगी और फिर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि कई स्रोतों से मिले सबूतों से पता चलता है कि तीनों पहले भी कई अपराध कर चुके हैं।

कब की है घटना- गौरतलब है कि ये घटना रविवार रात करीब 10.40 बजे की है। रात 11.20 बजे पीड़िता के दोस्त ने पुलिस को फोन किया।

## हैदराबाद में डॉक्टर के घर पर चला रहा था नशे का काला कारोबार, ऐसे हुआ भंडाफोड़



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना की एक्साइज स्पेशल टास्क फोर्स ने एक बड़े ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। स्पेशल फोर्स ने एक पोस्ट-ग्रेजुएट डॉक्टर के किराए के घर पर छापा मारा जिसके बाद ड्रग ट्रैफिकिंग नेटवर्क के मुख्य अड्डे का पता चला।

इस मामले में स्ञ्जस्न की क्र टीम ने हैदराबाद के मुशीराबाद में रहने वाले जॉन पॉल के घर पर छापा मारा। स्ञ्जस्न को इस छापेमारी में लगभग 3 लाख रुपये की कीमत के छह तरह के महंगे ड्रग्स मिले। इस दौरान स्ञ्जस्न की टीम ने डॉक्टर पॉल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसके तीन साथी भागने ने कामयाब रहे।

तेलंगाना में ड्रग रैकेट का भंडाफोड़- स्ञ्जस्न अधिकारियों ने बताया कि ड्रग्स की लत को पूरा करने के लिए पॉल इस ट्रैफिकिंग ऑपरेशन में शामिल हुआ था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पॉल ने अपने तीन दोस्तों- प्रमोद, संदीप और शरथ के साथ मिलकर इस काम को अंजाम दिया, जो उसके घर को एक सुरक्षित जगह के तौर पर इस्तेमाल करते थे।

जांच में इस बात का भी पता चला कि पॉल का घर सिर्फ ड्रग्स रखने की जगह नहीं था, बल्कि सिंडिकेट के लिए मुख्य डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट भी था।

डॉक्टर के घर से ड्रग्स बरामद- रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रमोद, संदीप और शरथ दिल्ली और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों से बड़ी मात्रा में ड्रग्स लाते थे। वे नशीले पदार्थों को पॉल के मुशीराबाद वाले घर पर पहुंचाते थे, जहां वह उन्हें स्टोर करता था और क्लाइंट्स को बेचता था। अपने घर को ड्रग्स के अड्डे के तौर पर इस्तेमाल करने के बदले पॉल को ड्रग्स मुफ्त में मिलता था।

खुफिया जानकारी के आधार पर स्ञ्जस्न ने इस छापेमारी को अंजाम दिया था। टीम डॉक्टर के घर से मिली अलग-अलग तरह की नशीली दवाइयों को देखकर हैरान रह गई।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in
jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल पूर्णिमा


## संपादकीय

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गढ़ मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला मेला महाभारत कालीन अतीत से जुड़ा है...



पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गढ़ मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला मेला महाभारत कालीन अतीत से जुड़ा है।भारत की सनातन संस्कृति के लिए यह मेला और यहां का पवित्र गंगा स्नान देश और दुनिया के पर्यटन के लिए भी महत्वपूर्ण स्थान बन चुका है। आज इस मेले का स्वरूप मिनीकुम्भ बन चुका है। दस किलोमीटर क्षेत्रफल से अधिक में फैला यह मेला देश दुनिया के आकर्षण का केंद्र है। जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी कहा है कि कार्तिक गंगा मेला केवल स्नान करने तक ही सीमित नहीं है। कार्तिक पूर्णिमा मेला एकता, भाईचारा, सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक है। यहां से देश के विकास को नई दिशा मिलती है। प्रदेश के मानचित्र पर आने के बाद मेला विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साख बढ़ा रहा है। अब मेले से प्रदेश को विकास और स्वदेशी का मूल-मंत्र मिल रहा है। दिल्ली से 100 किमी दूर और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 से लगे, गंगा के निचले तट पर स्थित गढ़ मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला गंगा स्नान का पर्व और यह मेला यहां अनादिकाल से चला आ रहा है। महाभारत युद्ध के बाद इस स्थान का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है।

कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले इस पवित्र और प्रसिद्ध स्नान पर्व और यहां लगने वाले मेले का अतीत पांडवों और भगवान श्रीकृष्ण से भी जुड़ा है । बताया जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर भगवान श्रीकृष्ण के निर्देश पर सम्राट युधिष्ठिर ने कौरवों और पांडवों की सेना के विशाल वीर योद्धाओं और सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए उनका तर्पण किया था। एक ओर पौराणिक साक्ष्य और तथ्य गढ़ मुक्तेश्वर के एतिहासिक, सांस्कृतिक और अध्यात्मिक महत्व को व्यक्त करते हैं, वहीं आज के इतिहासकार और विद्वान भी मानते हैं कि यह स्थान द्वापर युग में भी पहले प्रसिद्ध हुआ था। शिवपुराण के अनुसार इस गढ़मुक्तेश्वर का प्राचीन नाम शिववल्लभ था, जो भगवान शिव का ही एक प्रिय नाम है।

पुराणों में गढ़ मुक्तेश्वर की महिमा के बारे में बताया गया है, कि गढ़ मुक्तेश्वर में ही भगवान शिव ने अपने जय और विजय नाम के गणों को महर्षि दुर्वासा के द्वारा दिए गए पिशाच योनि के श्राप से मुक्ति दिलाई थी। जिसके बाद इस स्थान का नाम गणमुक्तिश्वर यानि कि गणों की मुक्ति करने वाले भगवान शिव के नाम से पड़ा था। गणमुक्तिश्वर का वह प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर आज भी उस पौराणिक घटना का साक्षी है। लेकिन, समय के साथ-साथ आम बोलचाल की भाषा के उच्चारण के कारण यह नाम गणमुक्तिश्वर से बदल कर गढ़ मुक्तेश्वर कहलाने लगा है।

त्रेता युग में भी गढ़मुक्तेश्वर की महिमा का वर्णन है। शिव पुराण के अनुसार इसी गढ़ मुक्तेश्वर के क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे ही एक घना वन था, जिसे खाण्डवी वन के नाम से जाना जाता था। इसी खांडवी वन में भगवान परशुराम ने एक ऐसे ही शिवलिंग की स्थापना की थी, और उसी स्थान पर बने शिव मंदिर के आस-पास के क्षेत्र का नाम बाद में शिव वल्लभ पुर पड़ गया। महाभारत काल की बात करें तो त्रेता युग का यही खांडववन, द्वापर युग में यानि महाभारत के काल में खांडव वन के नाम से अस्तित्व में आया और यही खांडव वन बाद में खांडवप्रस्थ कहलाया और उसके बाद इंद्रप्रथ बना। यही खाण्डव वन हस्तिनापुर राज्य के अधीन था इसलिए पांडवों ने खांडव वन में अपना नया राज्य स्थापित किया था। सम्राट युधिष्ठिर ने भगवान परशुराम द्वारा स्थापित शिववर्षपुर यानी गढ़ मुक्तेश्वर के मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजा और यज्ञ आदि करके मृतकों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया था।

सम्राट युधिष्ठिर ने कार्तिक शुक्ल अष्टमी के ही दिन गौ पूजन करके गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर गंगा मैदान में धार्मिक संस्कार करके पिंडदान किया । यह दिन कार्तिक एकादशी का था, जिसे हम आज देवोत्थान एकादशी के नाम से भी जानते हैं।

# गुरु नानक जयंती



गुरु नानक जयंती सिक्ख धर्म के लिए एक बड़ा त्योहार है। कार्तिक मास की अमावस्या को दिवाली मनाई जाती है और उसके पंद्रह दिनों बाद यानी कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक जयंती को मनाया जाता है। ये पर्व भी दीपावली की तरह से मनाया जाता है। इस पर्व की लोग महीनों पहले से तैयारी शुरू कर देते हैं। गुरु नानक जयंती पर ढोल-मंजीरों के साथ प्रभात फेरियां निकाली जाती हैं। गुरु नानक जयंती को प्रकाश पर्व भी कहते हैं। यही कारण है कि गुरु नानक देव की जयंती के मौके पर चारों ओर दीप जलाकर रोशनी की जाती है। इस खास दिन को गुरु नानक देव के जन्म की खुशी में मनाया जाता है।

### इतिहास

गुरु नानक देव सिक्ख धर्म के पहले गुरु थे। उनका जन्म 1469 ई. को हुआ था। नानक जी का जन्म 1469 में कार्तिक पूर्णिमा को पंजाब (अब पाकिस्तान) क्षेत्र में रावी नदी के किनारे स्थित तलवंडी नामक गांव में हुआ। हालांकि अब गुरु नानक जी का ये जन्म स्थल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मौजूद ननकाना साहिब में है। इस जगह का नाम नानक देव के नाम से जाना जाता है। यहां देश विदेश से लोग चर्चित गुरुद्वारा ननकाना साहिब के दर्शन के लिए आते हैं। कहते हैं कि सिक्ख साम्राज्य के राजा महाराजा रणजीत सिंह ने यह गुरुद्वारा 'ननकाना साहिब' बनवाया था।

### कौन थे गुरु नानक

गुरु नानक देव ने मूर्ति पूजा को निरर्थक माना और हमेशा ही रूढ़ियों और कुसंस्कारों के विरोध में रहे। कहा जाता है कि गुरु नानक जी ने ही सिक्ख समाज की नींव रखी थी। सिक्ख समुदाय के गुरु नानक देव जी पहले गुरु थे।

इस कारण से ही उनकी विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है। गुरु नानक देव को उनके भक्त नानक देव, बाबा नानक और नानकशाह के नाम से पुकारते हैं। इतना ही नहीं, कहा जाता है कि लद्दाख और तिब्बत क्षेत्र में नानक लामा भी कहा जाता है। नानक जी की मृत्यु 22 सितंबर, 1539 ईस्वी को हुई। उन्?होंने अपनी मृत्यु से पहले अपने शिष्य भाई लहना को अपना उत्तराधिकारी बनाया, जो बाद में गुरु अंगद देव नाम से जाने गए।

### जीवन और सिद्धांत

इस बात को अच्छी तरह से समझने के लिए कि यह उत्सव कई भारतीयों लोगों के लिए इतना पवित्र क्यों है, इस बात को समझना बहुत आवश्यक है कि नानक जी के कार्यों ने भारत के संपूर्ण इतिहास को कैसे आकार दिया। सन 1469 में गुरु नानक के जन्म से पहले भारत को मूल रूप से जाति प्रथा के रूप में जानी जाने वाली सामाजिक श्रेणी द्वारा परिभाषित किया जाता था। इस प्रथा की वजह से गरीब लोग गरीब ही रहते थे और अमीर लोग निरंतर रूप से अपनी शक्ति को विस्तारित करते थे। गुरु नानक जी ने यह समझ लिया था कि यह प्रथा गलत है, इसलिए उन्होंने इससे लड़ने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

अत्यधिक ध्यान और आत्म-चिंतन के बाद गुरु नानक को एक स्वप्न आया जिसने उन्हें परमात्मा का सच्चा उद्देश्य दिखाया। इस स्वप्न के अनुसार, परमात्मा से जुड़ने के लिए औपचारिक संस्थान और जाति प्रथा आवश्यक नहीं है। गुरु नानक के स्वप्न का मूलभूत पहलू यह था कि सभी मनुष्यों का परमात्मा से सीधा संपर्क है। इसके बाद गुरु नानक देव ने पुजारियों और जाति प्रथा को अस्वीकार कर दिया। गुरु नानक ने हिन्दू धर्म के पवित्र ग्रंथ, वेदों का ज्ञान लेने से भी मना कर दिया।

सबसे पहले, गुरु नानक को विधर्मी के रूप में माना गया जिसने परमात्मा को अस्वीकार किया था। इस स्थिति में तब परिवर्तन हुआ जब दलितों और निम्न वर्ग के लोगों को यह अनुभव हुआ कि गुरु नानक के सिद्धांत के अंतर्गत उनका जीवन ज्यादा बेहतर हो सकता है।

इसके बाद जल्दी ही गुरु नानक को कई लोगों के द्वारा एक नायक के रूप में देखा जाने लगा।

गुरु नानक ने अपने अनुयायियों को यह शिक्षा भी दी कि उपवास और तीर्थस्थलों जैसे पारंपरिक साधनों के माध्यम से परमेश्वर से नहीं जुड़ा जा सकता है। उन्होंने अपने अनुयायियों को नैतिक जीवन का आनंद उठाते हुए प्रार्थना के माध्यम से परमात्मा से जुड़ने की सलाह दी।

जाति प्रथा को नष्ट करने के बाद गुरु नानक पुजारियों और मुग़ल शासकों के राजनैतिक शत्रु बन गए। मुग़ल राजा बाबर को चुनौती देने के कारण गुरु नानक को बंदी बना लिया गया। गुरु नानक ने सिक्ख धर्म की स्थापना की। उनकी मृत्यु के पश्चात गुरु नानक की बुद्धिमता और भावना नौ सिक्ख गुरुओं को मिली।

### गुरुजी की 10 शिक्षाएं

परम-पिता परमेश्वर एक है।

हमेशा एक ईश्वर की साधना में मन लगाओ।

दुनिया की हर जगह और हर प्राणी में ईश्वर मौजूद हैं।

ईश्वर की भक्ति में लीन लोगों को किसी का डर नहीं सताता।

ईमानदारी और मेहनत से पेट भरना चाहिए।

बुरा कार्य करने के बारे में न सोचें और न ही किसी को सतायें।

हमेशा खुश रहना चाहिए, ईश्वर से सदा अपने लिए क्षमा याचना करें।

मेहनत और ईमानदारी की कमाई में से जरूरत मंद की सहायता करें।

सभी को समान नज़रिए से देखें, स्त्री-पुरुष समान हैं।

भोजन शरीर को जीवित रखने के लिए आवश्यक है। परंतु लोभ-लालच के लिए संग्रह करने की आदत बुरी है।

### उत्सव की गतिविधियाँ

गुरु नानक देव के जीवन और शिक्षाओं को याद करने के लिए सिक्ख और अन्य भारतीय कई गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं।

### अखंड पाठ

गुरु नानक जयंती शुरू होने से पहले, मुख्य सिक्ख क्षेत्रों में केंद्रीय स्थानों पर लगातार पाठ किया जाता है। जिसे अखंड पाठ के रूप में जाना जाता है, यह कार्यक्रम 48 घंटे तक चलता है। अखंड पाठ के दौरान, सिक्ख धर्म की पवित्र पुस्तक गुरु ग्रंथ साहिब की कुछ सबसे महत्वपूर्ण कविताओं का पाठ किया जाता है। कई बार, सिक्ख लोग प्रार्थना का जाप भी करते हैं। इस उत्सव के लिए सबसे लोकप्रिय प्रार्थनाएं जपजी साहिब और सिद्ध गोश है।

### नगर कीर्तन

उत्सव से एक दिन पहले, सिक्ख समुदाय के लोग नगर कीर्तन में हिस्सा लेते हैं, जो एक जीवंत जुलूस है जो दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करता है। यह जुलूस पांच लोगों और एक सिक्ख झंडे के साथ निकाला जाता है। इस जुलूस में गीतकार, कोरियोग्राफर और मार्शल आर्टिस्ट भी शामिल होते हैं। जिन मार्गों पर यह कार्यक्रम होता है उन्हें अक्सर विभिन्न बैनरों और फूलों से सजाया जाता है।

### लंगर

कार्तिक मास की पूर्णिमा के दिन गुरु नानक जयंती मनाने वाले लोग अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ मुफ्त सामुदायिक भोजन का आनंद उठा सकते हैं। भोजन के बाद, सिक्ख शाम की प्रार्थनाओं में शामिल होते हैं। गुरु नानक जयंती एक शांतिपूर्ण उत्सव है जो लोगों को गुरु नानक और भारतीय जाति प्रथा को समाप्त करने की उनकी इच्छा की याद दिलाता है।

# हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद हिंदुजा का 85 वर्ष की आयु में निधन



नई दिल्ली (एजेंसी)। हिंदुजा समूह के चेयरमैन और भारतीय मूल के अरबपति गोपीचंद पी. हिंदुजा का बुधवार को लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पारिवारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि गोपीचंद पी हिंदुजा चार हिंदुजा भाइयों में सबसे बड़े थे और लंबे समय से बीमार थे।

व्यापारिक जगत में उन्हें जीपी के नाम से जाना जाता है। उनके परिवार में उनकी पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज, पुत्री रीता हैं। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाले गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद चेयरमैन का पद संभाला था।

गोपीचंद हिंदुजा कौन थे- यूके संडे टाइम्स रिच लिस्ट के अनुसार, जी.पी. हिंदुजा लगातार सात सालों तक यूनाइटेड किंगडम के सबसे अमीर व्यक्ति थे। साल 1940 में भारत में जन्मे, उन्होंने हिंदुजा ऑटोमोटिव लिमिटेड के चेयरमैन के रूप में भी काम किया और 2023 में अपने भाई श्रीचंद हिंदुजा की मनोभ्रंश से मृत्यु के बाद समूह के चेयरमैन का पदभार संभाला।

गोपीचंद हिंदुजा ने 1959 में मुंबई के जय हिंद कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय से डॉक्टर ऑफ लॉ की मानद उपाधि भी प्राप्त की। उन्हें लंदन के रिचमंड कॉलेज से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि भी प्रदान की गई थी।

हिंदुजा परिवार का व्यवसाय सबसे पहले 1914 में जी.पी. हिंदुजा के पिता परमानंद हिंदुजा ने स्थापित किया गया था। वहीं इसके फाउंडर थे। गोपीचंद हिंदुजा और उनके भाई श्रीचंद हिंदुजा ने इस व्यवसाय को आगे बढ़ाया और इसे आज के अरबों डॉलर के समूह में बदल दिया।

पीचंद हिंदुजा फैमिली नेटवर्थ- पीचंद हिंदुजा के परिवार को ब्रिटेन में सबसे अमीर बताया गया था, उनकी संपत्ति 32.3 बिलियन पाउंड बताई गई थी। हिंदुजा समूह 11 क्षेत्रों में कारोबार करता है, जिनमें ऑटोमोटिव, बैंकिंग और वित्त, आईटी, स्वास्थ्य सेवा, रियल एस्टेट, बिजली, और मीडिया एवं मनोरंजन शामिल हैं।

## वोडाफोन आइडिया को सुप्रीम कोर्ट से राहत के बाद एयरटेल भी AGR की छूट पाने सरकार के पास पहुंची




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को वोडाफोन आइडिया से वित्त वर्ष 2017 तक के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया का पुनर्मूल्यांकन करने का आदेश दिया है। एक दिन बाद के फैसले के बाद अब भारती एयरटेल इसी तरह के पुनर्मूल्यांकन के लिए दूरसंचार विभाग या DoT के समक्ष अपना मामला उठाएगी।

भारती एयरटेल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल विट्ठल ने विश्लेषकों को एक वित्तीय रिपोर्ट में बताया, हम इस बात का स्वागत करते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया आदेश ने सरकार को वित्तीय वर्ष 2016-17 तक के ब्याज और जुर्माने सहित एजीआर बकाया का व्यापक मूल्यांकन, पुनर्मूल्यांकन और समाधान करने की अनुमति दी है। यह आदेश वोडाफोन आइडिया की याचिका पर दिया गया है। अब हम सरकार के समक्ष इस मामले को उठाने की योजना बना रहे हैं।

विट्ठल ने कहा कि कंपनी हमेशा से यही कहती रही है कि 2019 का एजीआर पर फैसला उद्योग के लिए एक बड़ा झटका था। विट्ठल ने कहा, यह तथ्य कि गणना की त्रुटियों पर भी ध्यान नहीं दिया गया जो और भी निराशाजनक है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि सरकार वोडाफोन आइडिया के वित्त वर्ष 2017 तक के सभी एजीआर बकाया, जिसमें ब्याज और जुर्माना भी शामिल है।

## सोने की कीमतों को औंधे मुंह गिरा सकता है चीन, टैक्स छूट में बदलाव के बाद उठाया बड़ा कदम; भारत पर क्या पड़ेगा असर?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने की कीमतों में गिरावट का बड़ा कारण अब चीन बन सकता है। दुनिया का सबसे बड़ा गोल्ड कंज्यूमर देश चीन ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे सोने की मांग कम हो सकती है और अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमतें नीचे जा सकती हैं। दरअसल, चीन की सरकारी बैंक चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक ने सोमवार से रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए गोल्ड पर्चेजिंग अकाउंट में नई एंट्री लेना बंद कर दिया है। बैंक ने इसका कारण नहीं बताया। वहीं, दूसरी बड़ी बैंक ICBC ने भी शुरुआत में नए निवेशकों पर रोक लगाई, लेकिन कुछ घंटों बाद फैसला वापस ले लिया।

यह कदम ऐसे समय आया है, जब इससे दो दिन पहले चीन की शी चिनफिंग सरकार ने सोने पर मिलने वाली पुरानी टैक्स में बड़ा बदलाव किया। पहले सोने की खरीद पर 13% वैल्यू ऐडेड टैक्स पूरी तरह माफ था, लेकिन अब इसे घटाकर सिर्फ 6% कर दिया गया है। ये नियम 1 नवंबर से शंघाई गोल्ड एक्सचेंज और शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज के जरिए होने वाली कुछ गोल्ड खरीद पर लागू हो गया है।

ज्वैलरी और इंडस्ट्रियल यूज में बढ़ाएगा लागत- इस बदलाव का असर सोना खरीदने वाले ज्वैलर्स और इंडस्ट्रियल सेक्टर पर पड़ेगा, क्योंकि इनकी लागत अब सीधे बढ़ेगी। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले गोल्ड बार या पेपर गोल्ड ट्रेड्स पर यह टैक्स लागू नहीं होगा। UBS की एनालिस्ट जोनी टेव्स का कहना है कि, नया टैक्स गोल्ड ज्वैलरी और इंडस्ट्रियल यूज में लागत बढ़ाएगा। इससे ज्यादा कंपनियां एक्सचेंज की मेंबरशिप ले सकती हैं, जिससे पारदर्शिता और लिक्विडिटी बढ़ेगी। वहीं एक्सपर्ट्स का मानना है कि चीन के इस कदम का असर अंतराष्ट्रीय बाजार और भारत समेत दुनियाभर के देशों पर पड़ सकता है और सोने की कीमतें और सस्ती हो सकती हैं।

चीन में गोल्ड ज्वैलरी कंपनी के शेयर हुए धड़ाम- चीन के इस कदम का असर तुरंत बाजार पर भी दिखा। स्पॉट गोल्ड की कीमत सोमवार को 4,000 डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गई, जबकि 20 अक्टूबर को यह रिकॉर्ड 4,381 डॉलर प्रति औंस पर पहुंची थी।

## SBI का दूसरी तिमाही में 10% बढ़ा प्रॉफिट, शेयरों में तेजी के बीच खरीदें, बेचें या करें होल्ड




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने मंगलवार को अपना Q2 रिजल्ट जारी कर दिया है। SBI का नेट प्रॉफिट दूसरी तिमाही में साल-दर-साल 10% बढ़कर 20,160 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 18,331 करोड़ रुपये था। कर-पश्चात लाभ (पीएटी) बाजार अनुमान से 17,387 करोड़ रुपये अधिक रहा।

ब्रोकरेज फर्मों ने एसबीआई के दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 17% तक की गिरावट का अनुमान लगाया था और इसे 17,700 करोड़ रुपये से 18,800 करोड़ रुपये के बीच रहने का अनुमान लगाया था।

वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) साल-दर-साल 3.3% बढ़कर 42,984 करोड़ रुपये हो गई, जबकि वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में यह 41,620 करोड़ रुपये थी। बैंक ने समीक्षाधीन तिमाही में 1,19,654 करोड़ रुपये की ब्याज आय दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 1,13,871 करोड़ रुपये से 5% अधिक है।

इस बीच, सार्वजनिक बैंक ने ब्याज पर व्यय आलोच्य तिमाही में 76,670 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 72,251 करोड़ रुपये से 6% अधिक है।

# अदाणी ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनी ला रही है 25000 करोड़ का Rights Issue, डिस्काउंट पर मिलेंगे शेयर




नई दिल्ली (एजेंसी)। अदाणी ग्रुप की होल्डिंग कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज ने राइट्स इश्यू के जरिए 25000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने FY26 की दूसरी तिमाही के नतीजों में इसका ऐलान किया है। Q2 में अदाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा वन टाइम गैन के चलते 3,583 करोड़ रुपये रहा और सालाना आधार पर नेट प्रॉफिट में 84% की वृद्धि देखने को मिली। अदाणी समूह की सबसे प्रमुख कंपनी के बोर्ड ने अगले चरण के इनक्यूबेशन को सपोर्ट देने, बैलेंस शीट को और मजबूत करने के लिए राइट्स इश्यू के जरिए 25,000 करोड़ रुपये तक जुटाने को मंजूरी दे दी है।

वहीं, कंपनी का रेवेन्यू Q2FY26 में 6% घटकर 21,249 करोड़ रुपये रह गया, जबकि Q2FY25 में यह 22,608 करोड़ रुपये था। इन नतीजों और राइट्स इश्यू के ऐलान के बाद अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर करीब 2 फीसदी की गिरावट के साथ 2419.80 रुपये पर बंद हुए हैं। आइये आपको बताते हैं राइट्स इश्यू क्या होता है और इससे निवेशकों को क्या फायदा होगा?

दरअसल, राइट्स इश्यू किसी कंपनी के लिए अपने मौजूदा शेयरधारकों को डिस्काउंट प्राइस पर नए शेयर देकर पैसे जुटाने का एक तरीका है। इससे मौजूदा शेयरधारक बाजार मूल्य से कम कीमत पर शेयर खरीद सकते हैं, ऐसे में निवेशकों को भी फायदा होता है और कंपनी को अपने बिजनेस के विस्तार या अन्य कामों के लिए फंड मिल जाता है।

आमतौर पर कंपनियां बिना मौजूदा कर्ज, क्षमता विस्तार, नए अधिग्रहण या अन्य किसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए राइट्स इश्यू लेकर आती है। इससे फायदा यह होता है कि कंपनी को कोई नया कर्ज नहीं लेना पड़ता है और वह सीधे शेयरधारकों से पैसा जुटा लेती है।

## 2 दिन में 35% चढ़ा ज्वैलरी बनाने वाली कंपनी का स्टॉक, हर शेयर पर कराया 850+ का प्रॉफिट



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने के गहने बनाने वाली कंपनी थंगामयिल ज्वैलरी लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार में तहलका मचाकर रख दिया। कंपनी का स्टॉक 20% उछलकर 2603 रुपए रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। स्टॉक में दिनभर में 433 रुपए की तूफानी तेजी आई, जिसने निवेशकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्टॉक में यह तूफानी तेजी लगातार दूसरे दिन यानी मंगलवार को भी दिखी। 15% की तेजी के साथ यह 3000 रुपए को पार कर गया। दो दिन में इसने प्रति शेयर 850 रुपए से ज्यादा मुनाफा कराया है। और इसकी वजह है- कंपनी के दूसरी तिमाही के नतीजे, जिसमें कंपनी ने घाटे से निकलकर जबरदस्त मुनाफा कमाया। कंपनी के नतीजे आते ही उसके शेयर रॉकेट बन गए।

थंगामयिल ज्वैलरी लिमिटेड ने इस तिमाही में 58.15 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 17.45 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। कंपनी ने बताया कि पिछले साल का घाटा कस्टम ड्यूटी में कटौती के कारण इन्वेंट्री लॉस से हुआ था।


दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# गेहूं को घुन से बचाने छिड़के गए सल्फास से बनी जहरीली गैस से दो की मौत - दंपती गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती



ग्वालियर। कीटनाशकों का असावधानीपूर्वक प्रयोग कभी भी जानलेवा हो सकता है। इसी तरह की एक घटना में गेहूं को घुन से बचाने के लिए छिड़के गए सल्फास से बनी जहरीली गैस के कारण दो बच्चों की जान चली गई। उनके माता-पिता गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती हैं।

ग्वालियर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के प्रीतम विहार कॉलोनी में श्रीकृष्ण यादव ने अपने तीन मंजिला घर के भूतल पर बने कमरे में रखे 20 क्विंटल गेहूं को घुन से बचाने के लिए बोरियों पर सल्फास को पानी में मिलाकर छिड़काव किया था। कमरे के बगल में सतेंद्र शर्मा पत्नी रजनी, चार वर्षीय बेटे वैभव और 16 वर्षीय बेटी क्षमा के साथ रहते हैं। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब एक बजे पूरे परिवार की तबीयत बिगड़ गई। रजनी और क्षमा को उल्टियां हो रही थीं। सतेंद्र का भी दम घुट रहा था। सतेंद्र के पुकारने पर मालिक श्रीकृष्ण यादव और पड़ोसी आए तो कमरे में जहरीली गैस भरी हुई थी।

किसी तरह से इन लोगों ने चारों को बाहर निकाला और सोमवार अलसुबह अस्पताल लेकर पहुंचे। वैभव को मृत घोषित कर दिया गया। मंगलवार को क्षमा की भी मौत हो गई। सतेंद्र और उनकी पत्नी का उपचार जारी है।

इस बीच, श्रीकृष्ण यादव फरार है। गोला का मंदिर थाना के टीआई हरेंद्र शर्मा ने बताया कि गेहूं पर कीटनाशक छिड़का गया था। जहरीली गैस सतेंद्र शर्मा के कमरे तक पहुंच गई। इसी वजह से बच्चों की मौत हो गई। फोरेंसिक जांच भी कराई गई है।

**हृदय पर असर करती है जानलेवा फास्फीन गैस**-सल्फास की गोली या स्प्रे से फास्फीन गैस निकलती है जो हृदय पर गहरा असर करती है। अधिकांश मामलों में मृत्यु दर 90 से 95 प्रतिशत रहती है। इस जहर का कोई भी एंटीडोट उपलब्ध नहीं है। जहर के असर से उल्टी, पेट में दर्द, सिरदर्द, पतला दस्त, काला मल, खून की उल्टी, सांस में अवरोध, गुर्दे का काम न करना, हृदय की गति असामान्य होना, बेहोशी और लहसुन या सड़ी मछली की गंध आने के लक्षण मिलते हैं।

**-नीतेश मुदगल, मेडिसिन विशेषज्ञ**

खुले बाजार में नहीं बेच सकते

कृषि-विज्ञान के क्षेत्र में यह माना गया है कि इस प्रकार के फ्यूमीगेंट, कीटनाशक बहुत सावधानीपूर्वक उपयोग किए जाने चाहिए। विशेष रूप से जहां मानव संपर्क संभव हो। इनसे निकली गैस कई अंगों को प्रभावित करती है। इससे शरीर की नसें फट जाती हैं। सल्फास को खुले बाजार में बेचने पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद यह बिक रहा है, तो बड़ी चूक है।

**-अंकित पांडेय, कृषि विज्ञानी**

# नीदरलैंड का युवक ग्वालियर एयरपोर्ट पर जीपीएस डिवाइस के साथ पकड़ा गया



ग्वालियर। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पर एक विदेशी नागरिक जीपीएस डिवाइस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) के साथ पकड़ा गया। सुरक्षाकर्मियों ने प्रतिबंधित डिवाइस मिलने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया है, जिसके बाद खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट हो गई हैं।

बताते हैं कि नीदरलैंड का यह युवक ग्वालियर में रहने वाले एक सेवानिवृत्त डीएसपी के बेटे की शादी में सम्मिलित होने आया है। एयरपोर्ट पर जांच के दौरान उसके बैग से जीपीएस मिलने पर वह सुरक्षा कर्मियों को जीपीएस रखने का कोई संतोषजनक कारण नहीं बता सका।

भारत में गार्मिन जीपीएस रिसीवर रखना प्रतिबंधित है। इसका उपयोग केवल सरकारी अनुमति से ही किया जा सकता है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया विदेशी नागरिक स्लेगटेनहोर्स्ट रेमको नीदरलैंड के ग्रेवनहेज का रहने वाला है।

वह पेशे से बैंककर्मी है। सर्किल एसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया कि इस मामले में टेली कम्युनिकेशन की धारा-42 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# सांसद थप्पड़ कांड – नहीं हुई FIR, अब पीड़ित को लेकर IG से मिलने पहुंचे MLA के भाई, चढ़ा सियासी पारा



सतना/रीवा। सांसद द्वारा थप्पड़ मारे जाने के मामले में एफआइआर न होने से राजनीति गरमा रही है। सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के छोटे भाई पंकज कुशवाहा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अगर पुलिस को कुछ नहीं करना है तो प्रशासन और पुलिस हमारे सामने न आए। हमारे मामले में पुलिस की जरूरत नहीं है। हम खुद न्याय कर लेंगे। वह थप्पड़ कांड के पीड़ित को लेकर आइजी से मिलने पहुंचे थे।

**आइजी से स्न्द्धक्र दर्ज करने की मांग**-वह इस बात को लेकर नाराज थे कि थप्पड़ मारे जाने की घटना में पुलिस एफआइआर नहीं कर रही है। सिर्फ जांच-जांच खेल रही है। उन्होंने आइजी को शिकायत पत्र सौंपकर एफआइआर दर्ज किए जाने की मांग की। बता दें कि चार दिन पहले चर्चा में आया सांसद थप्पड़ कांड विपक्ष के लिए मुद्दा बन गया है। दरअसल, सांसद गणेश सिंह ने जेसीबी में चढ़कर माल्यार्पण करने के दौरान झटका लगने से नाराज होकर जेसीबी चालक को थप्पड़ मारा था। हम अपना न्याय कर लेंगे ताजा घटनाक्रम में सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के भाई पंकज कुशवाहा अपने समर्थकों और थप्पड़ कांड के पीड़ित गणेश कुशवाहा के साथ आइजी कार्यालय रीवा पहुंचे। मीडिया को दिए बयान में उन्होंने कहा कि पुलिस को इस मामले में कुछ नहीं करना है तो प्रशासन और पुलिस हमारे सामने न आए। हम से जिस भी तरह से न्याय करते बनेगा हम कर लेंगे। बहरहाल पुलिस ने अभी तक कोई मामला पंजीकृत नहीं किया है।

# NH 45 पर तेज रफ्तार स्कूल वैन ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौके पर मौत; ड्राइवर फरार

जबलपुर। जबलपुर के भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक एक्सीडेंट हो गया, जिसमें एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई है। भेड़ाघाट से जबलपुर की ओर आ रही स्कूल वेन ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। वहीं वैन के ड्राइवर मौके से फरार हो गया है।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा जबलपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 45 पर अंजनी माता मंदिर के पास यह हादसा हुआ। मृतक भोजन पेट्रोल पंप से अपनी ड्यूटी पूरी करके घर की तरफ लौट रहा था। इस दौरान सामने तेज रफ्तार से आ रही स्कूल वैन ने उसे टक्कर मार दी। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से हुआ फरार एक्सीडेंट के बाद आसपास लोगों की भीड़ लग गई। लेकिन उससे पहले ही वैन का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। लोगों ने एक्सीडेंट की सूचना पुलिस को दी।

# MP में सुनीता के बाद और भी माओवादी कर सकते हैं सरेंडर, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में हो रहे आत्मसमर्पण का असर



भोपाल। बालाघाट में 31 अक्टूबर को 22 वर्ष की महिला माओवादी सुनीता सियाम के समर्पण के बाद मध्य प्रदेश में कुछ और माओवादी जल्द ही आत्मसमर्पण कर सकते हैं। दरअसल, बालाघाट और मंडला में सक्रिय कुछ माओवादी दलम छोड़ चुके हैं। वे लगभग एक माह से दिखाई नहीं दिए हैं।

ऐसे में माना जा रहा है कि ये भी आत्मसमर्पण कर सकते हैं। सुनीता ने पुलिस को बताया है कि महाराष्ट्र में समर्पण करने वाले सोनू और भूपेश से प्रभावित होकर उसने यह कदम उठाया है। महाराष्ट्र में ही समर्पण करने वाले भूपति ने वीडियो जारी कर माओवादियों को समर्पण करने की अपील की है। वीडियों में उसने कहा कि अब परिस्थितियां बदल गई हैं, इसलिए हमें कानून के दायरे में रहकर अब काम करना होगा। माना जा रहा है कि इसका माओवादियों पर बड़ा असर हुआ है। इसका बड़ा कारण यह भी है कि माओवादियों ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को एक जोन (एमएमएसी) में रखा है।

### *और भी माओवादी कर सकते हैं समर्पण*

बता दें कि माओवादियों के संगठन में सबसे नीचे श्रेणी में गांव या एरिया कमेटी होती है। सुनीता इसकी सदस्य थी। वह सेंट्रल कमेटी सदस्य (सीसीएम) रामदेर के गार्ड के रूप में काम कर रही थी। रामदेर ने सुनीता को बताया था कि सोनू दादा, रुपेश दादा व उनके साथियों ने छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में पुलिस के सामने समर्पण कर दिया है। इसके बाद से ही मप्र में सक्रिय माओवादी समर्पण करने पर विचार कर रहे हैं। पुलिस से पूछताछ में सुनीता ने यह जानकारी दी है।

### *मध्य प्रदेश में 60 महिला माओवादी सक्रिय*

बता दें कि पहली बार प्रदेश में किसी महिला माओवादी ने समर्पण किया है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर की रहने वाली सुनीता वर्ष 2022 में माओवादी संगठन से जुड़ी थी। उस पर 14 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस की खुफिया जानकारी के अनुसार, प्रदेश में लगभग 60 माओवादी सक्रिय हैं, जिनमें आधे से अधिक महिलाएं हैं। इस वर्ष पुलिस मुठभेड़ में नौ महिला माओवादी मारी जा चुकी हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश से माओवादी समस्या को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। इस कारण माओवादियों की चौतरफा घेराबंदी की जा रही है।अब आगे क्या

सुनीता से पुलिस पूछताछ कर रही है। इसके बाद उसका प्रकरण राज्य की समर्पण नीति 2023 के अनुसार राज्य स्तरीय समिति के पास भेजा जाएगा। इसमें यह देखा जाएगा कि उस पर दर्ज प्रकरण के अनुसार समर्पण की पात्रता है या नहीं। दरअसल, समर्पण नीति के अपराधों को माफ करने का नियम नहीं है। सरकार की तरफ से उसे सुरक्षा देने के साथ ही पुनर्वास के प्रबंध भी नीति के अनुसार किए जाएंगे।




# अमृत योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पेयजल टंकियों और वितरण लाइनों में अवैध नल कनेक्शनों को करें विच्छेदित : मंत्री श्री विजयवर्गीय

## मेट्रो के खजराना से पलासिया होते हुए बड़ा गणपति तक अंडरग्राउंड रूट के प्रस्ताव पर हुई स्वीकृति




इंदौर। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में नगर निगम इंदौर, इंदौर विकास प्राधिकरण, इंदौर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट एवं इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट से संबंधित विस्तृत समीक्षा बैठक एआईसीटीएसएल सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मंत्री श्री विजयवर्गीय द्वारा अमृत योजना (1.0 एवं 2.0), प्रधानमंत्री आवास योजना (1.0 एवं 2.0), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, राजस्व वृद्धि एवं जीआईएस सर्वे, फ्यूल एफिशिएंसी, एनर्जी ऑडिट एवं ऊर्जा बचत, तथा इंदौर स्मार्ट सिटीज मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही नगरीय सीमा में सम्मिलित 29 गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आरई-2 रोड के बाधक बस्तियों को हटाने एवं मास्टर प्लान की सड़कों की चौड़ाई सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। शहर में निरंतर विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों के विषय में भी विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अमृत योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पेयजल टंकियों और वितरण लाइनों में अवैध नल कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से विच्छेदित करें। शहर की सड़कों पर रोड रेस्टोरेशन कार्य तकनीकी रूप से और गुणवत्तापूर्ण किया जाये। ÷कटर से रोड की कटिंग की जाए, न कि तोड़फोड़ कर ब्रेकर से रोड को क्षतिग्रस्त किया जाए। अन्यथा संबंधित इंजीनियर की जवाबदेही तय की जाएगी।

बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री महेन्द्र हार्डिया, श्री गोलू शुक्ला, मेट्रो प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक श्री एस. कृष्ण चैतन्य, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परिक्षित झाड़े, श्री सुमित मिश्रा सहित अपर आयुक्त एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि ÷जहां भी अवैध कॉलोनी का निर्माण हो रहा है, वहां के संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।÷उन्होंने इस पर रोक लगाने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि सामूहिक निर्णय से बेहतर परिणाम मिल सकें।

राजस्व वृद्धि एवं खर्च में कटौती पर विशेष जोर- बैठक में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि ÷इंदौर प्रदेश का पहला आत्मनिर्भर शहर है, जो अपने नवाचारों के माध्यम से निरंतर प्रगति कर रहा है।÷उन्होंने कहा कि नगर निगम को अपने राजस्व में वृद्धि और व्यय में कमी लाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनानी चाहिए। साथ ही शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए रेस्टोरेशन कार्यों को तकनीकी दृष्टि से उत्कृष्ट बनाने पर बल दिया।

## पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर एक शासकीय सेवक निलम्बित

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर एक शासकीय सेवक को निलम्बित कर दिया है। उन्होंने शासकीय सेवक सहायक ग्रेड दो जितेन्द्र चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किये हैं। बताया गया कि एक शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत की जांच की गई। जांच में पाया गया कि तहसील कार्यालय सांवेर जिला इन्दौर में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 श्री जितेन्द्र चौहान द्वारा तत्कालीन निर्वाचन पर्यवेक्षक द्वारा जिला नाजिर के पद पर रहते हुए बगैर उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमोदन के अपने हस्ताक्षर से आदेश जारी कर नगर पालिक निगम इन्दौर के माली (उद्यान विभाग) श्री जितेन्द्र सोलंकी को जिला निर्वाचन कार्यालय से नजारत शाखा में संलग्न किया गया था। सहायक ग्रेड-2 श्री जितेन्द्र चौहान की पदस्थापना जिला नजारत शाखा से तहसील सांवेर में की गई तो इनके द्वारा बगैर प्रभारी अधिकारी के अनुमोदन प्राप्त किए अपने हस्ताक्षर से आदेश जारी कर नगर पालिक निगम इन्दौर के माली (उद्यान विभाग) श्री जितेन्द्र सोलंकी को नजारत शाखा से उसके मूल विभाग के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया।

# इंदौर में बसों की जाँच की विशेष मुहिम जारी

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में यात्री, स्कूली एवं अन्य बसों की जाँच के लिये विशेष मुहिम शुरू की गई है। इस मुहिम के तहत बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। जाँच के दौरान अनियमितताएं पाये जाने पर 11 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसमें से एक बस को जप्त किया गया और 10 वाहनों से जुर्माना वसूल किया गया।

इंदौर आरटीओ ने रेडिसन चौराहा और लवकुश चौराहा पर लोक परिवहन वाहनों, खासकर इण्टरसिटी, इंटरस्टेट बसों की सघन चेकिंग की गई। बसों में इमरजेंसी एग्जिट,




फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। 01 बस जो की बिना परमिट संचालित पाई गई, जिसे जब्त कर जुर्माना वसूला गया। साथ ही 10 से अधिक अन्य वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में 80 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

साथ ही बसों के चालक-परिचालक को भी समझाइस दी गई की वह बसों में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ का परिवहन नहीं करें। जिस प्रकार हवाई जहाज में यात्रियों को आपातकाल स्थिति में ÷क्या करें और क्या नहीं करें÷ की जानकारी दी जाती है, उसी प्रकार बसों में भी सवारियों को जरूरी जानकारी दी जाए। आपातकाल स्थिति से निपटने के लिये यात्रियों को बसों में इमरजेंसी एग्जिट और कांच तोड़ने हेतु रखे गये हैमर की जानकारी दी जाये।

## मंत्रीद्वय श्री सिलावट और सुश्री भूरिया ने सांवेर क्षेत्र में नव श्रृंगारित अनेक उप डाकघरों का लोकार्पण किया

इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला ने सोमवार को इंदौर जिले के सांवेर क्षेत्र में नव श्रृंगारित अनेक उप डाकघरों का लोकार्पण किया। इस मौके पर पोस्टमास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र श्रीमती प्रीति अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रही। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने अपने संबोधन में कहा कि सांवेर क्षेत्र की जनता को बेहतर डाक सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उप डाकघरों



को नव श्रृंगारित एवं सर्वसुविधायुक्त किया गया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने सांवेर क्षेत्र की जनता से आह्वान किया कि वे डाकघर की अधिक से अधिक सुविधाओं का लाभ लें।

इस मौके पर पोस्टमास्टर जनरल श्रीमती प्रीति अग्रवाल ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सांवेर तहसील को संपूर्ण सुकन्या तहसील बनाया जाएगा।

## आयकर विभाग द्वारा डाक विभाग के अधिकारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

इंदौर। आयकर विभाग द्वारा टी.डी.एस. प्रावधानों एवं अन्य वैधानिक उपबंधों के अनुपालन एवं प्रासंगिक विधिक पक्षों पर डाक विभाग के अधिकारियों को अभिज्ञ कराने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर परिक्षेत्र, श्रीमती प्रीति अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जीपीओ कार्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयकर विभाग इंदौर के उप आयुक्त श्री टेंगले गणेश महादेव, आयकर अधिकारी श्री सुधीर शर्मा तथा श्री प्रिय रंजन द्वारा टी.डी.एस. के विविध प्रावधानों, आयकर अधिनियम की प्रमुख धाराओं एवं व्यावहारिक जटिलताओं पर विस्तृत विवेचना एवं उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में इंदौर नगर के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों की भौतिक उपस्थिति तथा इंदौर परिक्षेत्र के अन्य डीडीओ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता रही। कार्यक्रम का समुचित समन्वय सहा. लेखाधिकारी श्री गोपाल मुजाल्दा एवं कर सलाहकार श्री कैलाश घाटिया द्वारा किया गया। यह आयोजन डाक विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आयकर अधिनियम के नवीनतम प्रावधानों से अद्यतन रखने एवं अनुपालन तंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उल्लेखनीय रहा।

# हनुमंत प्रेरणा समारोह में गूंजा पत्रकारिता का सम्मान और जनकल्याण का संकल्प

इंदौर। ग्राम पिपलिया लोहार स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, खेड़ापति आश्रम परिसर में महामंडलेश्वर श्री राजगुरु जी महाराज के सान्निध्य में हनुमंत प्रेरणा एवं पत्रकार सम्मान समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर श्री राजगुरु जी महाराज ने बृहद हनुमान मंदिर घाट और गुरुकुल निर्माण की घोषणा करते हुए बताया कि वे समाज और अध्यात्म के कल्याण हेतु आगामी 10 अप्रैल से तीन दिवसीय भू-समाधि लेंगे। उनकी इस घोषणा का उपस्थित जनसमूह ने जयकारों के साथ स्वागत किया।




मुख्य अतिथि इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व और सत्य की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह टीम पत्रकारिता की गरिमा को नई ऊंचाई तक ले जाएगी।

इंदौर प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी दीपक कर्दम, संजय त्रिपाठी, प्रदीप जोशी, अभिषेक चेंडके, मुकेश तिवारी, मनीष मक्खर, अभय तिवारी, प्रमोद दीक्षित, अंशुल मुकाती, श्याम काम्बले, विजय प्रकाश भट्ट और पूनम शर्मा का समारोह में विशेष रूप से सम्मान किया गया।

अतिथियों का स्वागत बीडी तिवारी एवं संजय अग्रवाल द्वारा पारंपरिक मालवी पगड़ी, दुपट्टा और पुष्पमालाओं से किया गया, जिससे समारोह का वातावरण आत्मीयता और सम्मान की भावना से भर उठा।

## बहुमुखी प्रतिभा की धनी है सुनिल कुमार वर्मा मुसाफिर

इंदौर। सुनील कुमार वर्मा मुसाफिर एक बेहतरीन शायर और बहुत अच्छे गायक है। इनका साहित्यिक नाम - मुसाफ़िर है। 15 नवंबर 1963 को कानपुर (उत्तर प्रदेश) में जन्मे सुनील कुमार वर्मा मुसाफिर स्वास्थ्य विभाग महाराजा यशवंत राव होलकर मेडिकल कॉलेज इंदौर में कार्यरत है। इनकी माता श्रीमती दुर्गा देवी वर्मा और पिता श्री रामस्वरूप वर्मा है। बी कॉम और एल एल बी तक शिक्षित सुनील कुमार वर्मा मुसाफिर शासकीय नौकरी में अति व्यस्त होने के बाद भी लेखन और गीत - संगीत के लिए समय निकाल लेते है। लेखन विधा ग़ज़ल, कविता और कहानी लिखने वाले सुनील कुमार वर्मा मुसाफिर की दो प्रकाशित पुस्तक ग़ज़ल संग्रह (नींद अब नहीं आती रात भर-2010) और (2- हाफ़िज़ खुदा तुम्हारा- 2018) है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वह्निनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा रीगल टॉकीज का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के दिए

**वर्तमान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 'कृष्ण पाथेय' के रूप में ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं-डॉ. रमण सोलंकी**

उज्जैन। मंगलवार को नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा गोपाल मंदिर स्थित रीगल टॉकीज परिसर में नवीन कांप्लेक्स निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रीगल टॉकीज में संचालित 34 दुकानों को शीघ्र खाली करवाया जाकर तुड़ाई का कार्य प्रारंभ करवाया जाए इसके लिए आयुक्त द्वारा दुकानदारों से दुकानों के विस्थापन के संबंध में चर्चा की गई।

आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान अन्यकर विभाग स्टोर विभाग, वर्क शॉप ,सिविल विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री पीयूष भार्गव, सहायक



आयुक्त प्रदीप सेन, उपयंत्री मुकुल मेश्राम उपस्थित रहे।

## अस्थाई प्रकाश व्यवस्था एवं सजावट समिति की बैठक संपन्न

मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय पर अस्थाई प्रकाश व्यवस्था एवं सजावट समिति की बैठक समिति संयोजक श्रीमती लीला वर्मा की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें समिति संयोजन द्वारा कहा गया की संपूर्ण मेला अवधि में प्रकाश व्यवस्था अच्छे से हो, जितने भी आवागमन मार्ग हैं वहां पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था, हैलोजन की उपलब्धता होनी चाहिए मेला क्षेत्र में आने वाले नागरिकों को लगेगी नगर निगम द्वारा आयोजित मेले में प्रकाश व्यवस्था बहुत ही सुंदर तरीके से की गई है शिप्रा नदी के पुलों पर भी प्रकाश व्यवस्था की जाए।

इस दौरान बैठक में नोडल अधिकारी योगेंद्र सिंह पटेल, सह सचिव प्रफुल्ल गठरे, कार्यपालन यांत्रिक पलाश शर्मा, सहायक यंत्री जितेंद्र सिंह जादौन, आनंद भंडारी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही है-कलावती यादव

**माधव कॉलेज में म.प्र. स्थापना दिवस के आयोजन का समापन**

उज्जैन। हमारा प्रदेश संस्कृति और भौतिक सम्पदा की दृष्टि से बहुत समृद्ध है। प्रदेश में तेज़ गति से विकास हो रहा है। प्रदेश के विकास में हम सभी अपनी भूमिका निभाएं। स्थापना के बाद से ही इसे स्वर्णिम बनाने के लिए यहां की सरकारों ने कार्य किए हैं। इस गति को आगे भी बनाए रखना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए और प्रदेश के विकास के लिए मध्य प्रदेश सरकार निरन्तर तेज़ गति से कार्य कर रही है। हम भी इसमें सहयोग प्रदान करने के लिए संकल्प लेते हैं।



ये उद्गार माधव कॉलेज में राज्य स्थापना दिवस के चार दिवसीय समारोह का समापन करते हुए नगर निगम सभापति कलावती यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने कॉलेज में प्रदेश के विकास पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। साथ ही कहा कि इस प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश को अच्छी तरह से प्रस्तुत किया गया है। प्राचार्य डॉ कल्पना वीरेंद्र सिंह ने स्वागत वक्तव्य में कहा कि मध्य प्रदेश के विकास में यह कॉलेज भी अपनी भूमिका निभा रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनके विजेता विद्यार्थियों को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। आभार कार्यक्रम संयोजक डॉ आयशा सिद्दीकी ने माना।

## आज मनाएंगे प्रभु प्रेमी संघ का स्थापना दिवस, प्राकट्य उत्सव

उज्जैन। प्रभु प्रेमी संघ परिवार द्वारा आज 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रभु प्रेमी संघ का स्थापना दिवस एवं प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा।

संस्था अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि स्वामी श्री अवधेशानंद गिरी जी महाराज की संस्था प्रभु प्रेमी संघ के अनुयायियों द्वारा गुरुदेव के जन्मोत्सव पर अन्नकूट प्रसादी का आयोजन कर 56 भोग लगाया जायेगा। आज शाम 4:30 बजे से शुभारंभ गार्डन रुक्मिणी मोटर्स के पीछे देवास रोड़ उज्जैन पर गुरुदेवजी का सत्संग किया जायेगा। सत्संग में पादुका पूजन, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, गुरु मंत्र का जाप श्री हनुमान चालीसा भजन संध्या एवं गरबा उत्सव भी मनाया जाएगा।

## श्री हृदयेश्वर महादेव को छप्पन भोग अर्पित कर मनाया अन्नकूट उत्सव



उज्जैन। युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन एवं श्री हृदयेश्वर महादेव कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान श्री हृदयेश्वर महादेव को छप्पन भोग अर्पित कर अन्नकूट उत्सव मनाया गया।

महंत श्री राजेन्द्र भारती पीठाधीश्वर मंगलनाथ धाम, महापौर मुकेश टटवाल, महाकाल भोग आरती के संयोजक अजीत मंगलम, स्वर्णिम भारत मंच संयोजक दिनेश श्रीवास्तव ने श्री हृदयेश्वर महादेव की पूजा अनुष्ठान कर महाआरती की। पूजन पंडित संतोष शर्मा ने कराया। मंच के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, सचिव विजय तिवारी, कार्यालय प्रभारी अशोक कपूर, धर्मेंद्र जैन, रूपसिंह बुंदेला, अनुज पंडित, अंकुर पंडित, सुरेश सोनगरा, अर्जुन माली, सूरजमल माली, बंसीलाल शर्मा, महेश गुप्ता, मोतीलाल चौहान, बाबूलाल मारोठिया, मांगीलाल राजनेता, लक्ष्मण पटेल, महिंद्रा रामी, महेश शर्मा, डॉ. सागर मारोठिया, सचिन ठाकुर, अमित दुबे, मुकेश भाटी, महिला मंच सत्संग समिति की संयोजक गीता बेन रामी, अध्यक्ष पिंकी यादव, सचिव लक्ष्मी लश्करी, सहसचिव नीता राठौर, सविता शर्मा आदि का सहयोग रहा। अन्नकूट महोत्सव में सैकड़ो भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की एवं महाआरती का आनंद लिया।

# जैन यूनिटी फोरम का हुआ 'गुजराती' पारिवारिक मिलन समारोह

**उज्जैन में नजर आया गुजरात, गुजराती बोले, गुजराती परिधान पहने, गुजराती गरबे किये**



उज्जैन। जैन यूनिटी फोरम द्वारा गुजराती थीम पर पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पारिवारिक मिलन समारोह में गुजराती परिधान, गुजराती बोलना ओर गुजराती गरबे पर अलग अलग अवॉर्ड प्रदान किये गये।

संस्थापक मनोज सुराणा ने बताया कि बेस्ट गुजराती फैमिली अवार्ड मनोज अंजु ऐश्वर्य माधुर्य सुराणा को मिला। बेस्ट गुजराती जोड़ी संतोष तारा सालेचा, बेस्ट फीमेल गुजराती वर्षा जिनेश सराफ, द्वितीय प्रमोद चंचल पटवा, अर्पिता अल्पेश दुग्गड, बेस्ट गरबा शिखा अमित बाठिया, नन्द भोजाई गुजराती जोड़ी जुली वीरेंद्र गोलेछा - निधि अरिहंत जैन, बेस्ट गुजराती डायलॉग नवीन कोठारी, बेस्ट फीमेल जोड़ी किरण नाहटा - ज्योति चोरड़िया को मिला। एक मिनिट बच्चों के गेम में प्रथम मेतविक सराफ, अवि नाहटा, अनन्या जैन को मिला। द्वितीय माधुर्य सुराणा - कुनिका जैन को मिला। शानदार तंबोला मनोज सुराणा धर्मेंद्र जैन द्वारा खिलाया गया। सभी को उपहार प्रदान कर सभी कपल को पुरस्कृत किया गया।

विशेष उपस्थिति मनोज अंजू सुराणा, धर्मेंद्र साधना जैन, संतोष तारा सालेचा, अनिल तारा जैन, रमेश पुखराज चोपड़ा, ललित मनीषा कोठारी, नितेश जया नाहटा, प्रदीप किरण नाहटा, अमित शिखा बाठिया, राजेश अनीता सोनी, अंकित अमीषा जैन, जुली वीरेंद्र गोलेछा, अल्पेश अर्पिता दुग्गड, जिनेश वर्षा सराफ, महेश मधु घूघरिया, प्रकाश किरण जैन, नवीन कोठारी, पीयूष ज्योति चोरड़िया, ऐश्वर्य माधुर्य सुराणा, जय कुनिका, कुशिका जैन, सारव सराफ, विशु बाठिया, ध्रुव गोलेछा, अनन्या नमन जैन, अवि नाहटा, मास्टर कोठारी, बेबी कोठारी की रही। जानकारी रुप संयोजक अंजू मनोज सुराणा ने दी।

## सदगुरु भगवान की कृपा से आश्रम से भागे बच्चे लौटकर सेवाधाम वापस लौटे

उज्जैन। विगत दिवस आश्रम से तीन बच्चे जो विभिन्न प्रकार की बौद्धिक दिव्यांगता के शिकार थे आश्रम से भाग गए थे एक दिन बाद ही तीनों बच्चे सकुशल सेवा धाम आश्रम पहुंच गए।

आश्रम आने पर उन्होंने बताया कि वह खुले वातावरण में आश्रम से बाहर रहना चाहते थे इसलिए चले गए थे। दो दिन से बच्चों ने कुछ खाया नहीं और सड़क पर सोए। अपनी गलती का एहसास हुआ और घर लौट आए। आने पर उन्हें भाईजी ने गले से लगाया, भोजन कराया और समझाइश दी। बच्चों ने विश्वास दिलाया अब कभी आश्रम से भाग कर नहीं जाएंगे। इसमें एक बच्चा 12 साल से और एक बच्चा 5 साल से आश्रम में रह रहा था। जबकि एक अन्य एक वर्ष से निवास कर रहा था। सभी बच्चों के सकुशल आश्रम आने पर आश्रम प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया।

## कलाल पंचायत राय समाज ने किया कल्याण शिवहरे का सम्मान



उज्जैन। भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर कलाल राय समाज के वरिष्ठजनों द्वारा कल्याण शिवहरे का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, देवेन्द्र राय, महेश तिलक, शैलेन्द्र राय, रवि राय, बबल राय सहित हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित थे। समाजजनों ने कल्याण शिवहरे को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com